# मानव संसाधन संस्कृति विकास परिषद अम्बिकापुर
# जिला–सरगुजा(छ0ग0)

## –: विज्ञापन :–

भारत शासन, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा स्वीकृत एकीकृत बाल संरक्षण योजना के प्रावधानों व स्वीकृत अनुसार एकीकृत बाल संरक्षण योजनान्तर्गत संचालित बालगृह बालक कोरिया में भर्ती हेतु पात्र आवेदकों से दिनांक 14/06/2024 तक आवेदन आमंत्रित हैं। पद का विवरण एवं आवेदन प्रकिया का विवरण निम्नानुसार है।

वॉक–इन्टरव्यू

| | |
|---|---|
| आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि | :– 14/06/2024 |
| पात्र आपात्र की सूची का प्रकाशन | :– 14/06/2024 |
| दावा आपत्ति हेतु निर्धारित समय | :– 15/06/2024 समय 12.00 बजे |
| दावा आपत्ति का निराकरण | :– 15/06/2024 समय 2.00 दोप |
| वॉक–इन–इटरव्यू | :– 15/06/2024 प्रातः 11.00 सुबह से |

| क्र0 | पदनाम | पद संख्या | वेतन |
|---|---|---|---|
| 01 | रसोईया | 01 (अनारक्षित) | 10535.00 प्रति माह |

उपरोक्त पदों के लिए शैक्षणिक एवं अन्य योग्यता निम्नानुसार होगी :–

| पदनाम | अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता | अनिवार्य कौशल | वांछनीय योग्यता |
|---|---|---|---|
| रसोईया | 8 वीं कक्षा उत्तीर्ण | शाकाहारी/मांसाहारी एंव साउथ इंडियन भोजन बनाना आता हो | हिन्दी एवं स्थानीय भाषा का ज्ञान । |

निर्धारित प्रारूप में भरे हुए आवेदन पत्र **अधीक्षक <u>मानव संसाधन संस्कृति विकास परिषद बालगृह(बालक) तलवापारा बैकुण्ठपुर जिला कोरिया, छ0ग0</u>** को प्रस्तुत करना होगा।

*उपरोक्त पदों हेतु नियम व शर्ते :–*

1. नियुक्ति 1 वर्ष के लिए होगी। तत्पश्चात कार्य योग्यता, कार्य क्षमता एवं व्यवहार तथा विभाग की आवश्यकता के आधार पर एवं नियुक्त व्यक्ति की उपयुक्तता का आंकलन कर आगे बढ़ाने का निर्णय विभाग द्वारा लिया जा सकेगा।
2. नियुक्ति अवधि में राज्य के वित्त विभाग द्वारा स्वीकृत एकमुश्त वेतन देय होगा। वेतन के अतिरिक्त कोई भी अन्य वेतन/भत्ते की पात्रता नहीं होगी। सेवा समाप्ति के बाद पर नियुक्त कर्मचारियों को किसी भी प्रकार के पेंशन उपादान भत्ता मृत्यु लाभ इत्यादि की भी पात्रता नहीं होगी।
3. नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी होगी एवं बिना कारण बताये भी समाप्त की जा सकती है। अवधि के दौरान दोनों पक्षों में से किसी एक पक्ष द्वारा एक माह की पूर्व सूचना या उसके एवज में एक माह का वेतन देकर नियुक्ति समाप्त की जा सकती है ।
4. आवेदक की आयु दिनांक 01.01.2024 की स्थिति में न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 45 वर्ष होनी चाहिए।
5. शैक्षणिक योग्यता मान्यता प्राप्त संस्था/विश्वविद्यालय से होने पर ही मान्य किया जायेगा। निर्धारित शैक्षणिक अर्हता आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि तक आवश्यक रूप से प्राप्त होना चाहिए।
6. आवेदन निर्धारित प्रारूप में जमा किया जावे। आवेदन के साथ वांछित प्रमाण पत्र एवं अंकसूची स्व प्रमाणित/सत्यापित होना चाहिए।

7. शासकीय/अर्द्धशासकीय/निजी संस्थाओं में कार्यरत कर्मचारियों को अपने आवेदन देने संबंधित जानकारी अपने नियोक्ता को देना होगा।

8. अपूर्ण, अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों के संबंध में उम्मीदवारों को कोई सूचना नहीं दी जावेगी एवं ऐसे आवेदन पत्र अमान्य कर दिये जावेंगे। उपरोक्त उल्लेखित योग्यता न रखने वाले उम्मीदवार आवेदन ना करें।

9. लिफाफे के ऊपर एवं आवेदन पत्र में पद का नाम, जिसके लिये आवेदन किया जा रहा है, का स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए अन्यथा आवेदन निरस्त किया जा सकता है । लिफाफे के ऊपर प्रेषक का नाम एवं पत्र व्यवहार का पता आवश्यक रूप से होना चाहिए।

10. व्यक्तिगत साक्षात्कार/स्किल टेस्ट में भाग लेने वाले अभ्यर्थी को किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता/व्यय भत्ता देय नहीं होगा।

11. आवेदन पत्र पंजीकृत डाक/स्पीडपोस्ट/स्वयं द्वारा/कोरियर के माध्यम से स्वीकार होंगे। आवेदन के साथ स्वयं का पता लिखा हुआ 10 रूपये का टिकट लगा हुआ एक कोरा लिफाफा भी संलग्न करें।

12. उपरोक्त पदों पर चयन की प्रक्रिया निम्नानुसार रहेगी :–

| पदनाम | चयन प्रकिया |
|---|---|
| रसोईया | 1. पदानुरूप अनुभव से अधिक अनुभव होने पर् प्रत्येक वर्ष के लिए 5 अंक निर्धारित रहेंगे। अनुभव पर अधिकतम 25 अंक दिये जायेंगे।<br>2. व्यक्तिगत साक्षात्कार/स्किल टेस्ट लिया जायेगा। |

उपरोक्तानुसार न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव के आधार पर अधिकतम प्राप्त अंकों की मेरिट सूची के आधार पर व्यक्तिगत साक्षात्कार एंव स्किल टेस्ट हेतु बुलाया जावेगा।

13. प्राप्त आवेदनों के संबंध में सचिव मानव संसाधन संस्कृति विकास परिषद अम्बिकापुर का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा ।

14. विज्ञापन की विस्तृत जानकारी कार्यालय, मानव संसाधन संस्कृति विकास परिषद अम्बिकापुर एंव बालगृह(बालक) बैकुण्ठपुर जिला–कोरिया।

15. आवेदक का आवेदन करने की अंतिम तिथि 14/06/2024 को सायं 05:30 बजे तक मानव संसाधन संस्कृति विकास परिषद बालगृह(बालक) कन्या महाविद्यालय के पिछे (बैकुण्ठपुर) छ0ग0 में अनिवार्य रूप से प्राप्त हो जाना चाहिए। इसके पश्चात प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा।

16. दिनॉक 15/06/2024 को साक्षात्कार एंव स्किल टेस्ट हेतु बुलाया जायेगा।

सचिव
मानव संसाधन संस्कृति विकास परिषद
जिला– सरगुजा .(छ.ग.)

# आवेदन पत्र का प्रारूप

स्वयं द्वारा अभिप्रमाणित पासपोर्ट साईज फोटो सील एवं हस्ताक्षर जिसका आधा भाग फोटो एवं आधा आवेदन पत्र में होना चाहिए चस्पा करें ।

प्रति,

अध्यक्ष
मानव संसाधन संस्कृति विकास परिषद
अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ.ग.)

1. आवेदित पद का नाम :– ..........................................
2. आवेदक का नाम (हिन्दी में) :– ..........................................
   (अंग्रेजी में) :– ..........................................
3. पिता / पति का नाम :– ..........................................
4. स्थायी पता :– ..........................................
   :– ..........................................
5. पत्र व्यवहार का पता :– ..........................................
   :– .......................... मो.न. ..........................
6. जन्मतिथि (अंकों में) :– ..........................................
   (शब्दों में ) :– ..........................................
7. दिनांक 01/08/2021 को आयु :– ..........................................
8. लिंग पुरूष / महिला :– ..........................................
9. जाति / वर्ग (अ.जा. / अ.ज.जा / अ.पि.व. / सामान्य) जाति .......................... वर्ग ....................
10. क्या आवेदक शासकीय / अर्द्धशासकीय संस्था में सेवारत है ?:– ..........................
11. विवाहित / अविवाहित / विधुर / परित्यक्तता :– ..........................................
12. यदि आप विवाहित है,तो विवाह की तिथि एवं जीवित बच्चों की संख्या :– ..........................
13. शैक्षणिक योग्यता :– (जन्मतिथि एवं समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रति संलग्न करें )

| क्र | उत्तीर्ण परीक्षा | उत्तीर्ण वर्ष | बोर्ड / संस्था का नाम | प्राप्तांक / पूर्णांक | प्रतिशत | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

14. अन्य योग्यता का विवरण :- ..............................................................

15. अनुभव (प्रमाण पत्र संलग्न करें) :- ..............................................................

| संस्था का नाम | पद नाम | अनुभव का विवरण कब से कब तक | वेतन एवं पद छोड़ने का कारण |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |

इसके अतिरिक्त अन्य कोई विवरण देना चाहे तो पृथक पत्रक में सलग्न कर सकते है ।

16. अनिवार्य संलग्नकों की सूची –

1. जन्म तिथि हेतु 10वीं की अंकसूची / प्रमाण पत्र
2. 12वीं की अंकसूची
3. स्नातक की अंकसूची
4. स्नातकोत्तर की अंकसूची (पद अनुरूप आवश्यकता होने पर)
5. व्यवसायिक पाठ्क्रम का प्रमाण पत्र (पद अनुरूप आवश्यक होने पर)
6. विज्ञापन अनुसार निर्धारित अवधि का अनुभव प्रमाण पत्र

17. अन्य संलग्नकों का विवरण :–

1. .............................................................. 2. ..............................................................
3. .............................................................. 4. ..............................................................
5. .............................................................. 6 ..............................................................

आवेदक का हस्ताक्षर एवं नाम

## –:: घोषणा पत्र ::–

मै एतद् द्वारा घोषणा करता / करती हूँ कि इस प्रपत्र में दिए गए समस्त विवरण तथा संलग्न अभिलेख मेरी अधिकतम जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य है और यदि ये असत्य पाए जाते हैं, तो मेरी उम्मीदवारी / नियुक्ति निरस्त किए जाने योग्य होगी और मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी ।

आवेदक का हस्ताक्षर एवं नाम

स्थान – ............................

दिनांक – ..........................